आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

18.45 गुरूवार 02.10.2025

मुख्य समाचारः–

1– राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्ष पूरे होने पर संघ प्रमुख डॉक्टर मोहन भागवत ने आत्मनिर्भर भारत को महत्वपूर्ण बताया–अमेरिकी आयात शुल्क से उपजी परिस्थिति में 'स्वदेशी' अपनाने पर बल दिया।

2– केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह कल छत्तीसगढ़ आएंगे–चार अक्टूबर को बस्तर दशहरा कार्यक्रम में होंगे शामिल।

3– बीजापुर जिले में आज तेईस महिला सहित एक सौ तीन माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण।

4– असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक दशहरा पर्व आज छत्तीसगढ़ सहित देशभर में उल्लास और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है।

आरएसएस–शताब्दी वर्ष समारोह

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ–आरएसएस के सर संघचालक डॉक्टर मोहन भागवत ने कहा है कि आत्मनिर्भर बनने और वैश्विक एकता के पक्षधर होने के नाते हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि निर्भरता हमारी विवशता नहीं है और हम अपनी इच्छानुसार कार्य करने में सक्षम हैं। स्वदेशी और स्वावलम्बन का कोई विकल्प नहीं है। डॉक्टर भागवत ने अमेरिकी आयात शुल्क के बीच उपजी परिस्थिति में 'स्वदेशी' अपनाने पर भी बल दिया। संघ प्रमुख आज सुबह नागपुर के रेशमबाग में आरएसएस के शताब्दी वर्ष समारोह और विजयदशमी उत्सव कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। डॉक्टर भागवत ने कहा कि पहलगाम हमले के बाद की गई जवाबी कार्रवाई की अवधि के दौरान, हमने देश के नेतृत्व की दृढ़ता, हमारे सशस्त्र बलों की वीरता और युद्ध–तत्परता और समाज के दृढ़ संकल्प तथा एकता के उत्साहजनक दृश्य देखे।

एक दुर्घटना पहलगाम की भी हुई सीमा पार के आतंकियों के द्वारा छब्बीस भारतीय नागरिकों की उनका धर्म पूछ कर हत्या की। पूरी तैयारी करके सरकार ने, हमारी सेना ने उसका बहुत पुरजोर उत्तर दिया। वह घटना हमको सीखा गई कि यद्यपि हम सब के प्रति मित्र भाव रखते हैं और रखेंगे फिर भी अपने सुरक्षा के विषय में हमको आधिकाधिक सजग रहना पड़ेगा, समर्थ बनना पड़ेगा।

इस बीच, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा राष्ट्र की समर्पित सेवा के सौ वर्ष पूरे होने पर उसकी सराहना की। सर संघचालक डॉक्टर मोहन भागवत के प्रेरक संबोधन का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने राष्ट्र निर्माण में संघ की महत्वपूर्ण भूमिका और भारत के सभ्यतागत मूल्यों के पोषण के प्रति उसकी अटूट प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला।

केन्द्रीय गृहमंत्री–छत्तीसगढ़

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह कल रात तीन अक्टूबर को दो दिवसीय प्रवास पर छत्तीसगढ़ आएंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार श्री शाह चार अक्टूबर को दंतेवाड़ा जाएंगे, जहां मां दंतेश्वरी की पूजा–अर्चना के बाद स्वदेशी मेले में शामिल होंगे। इसी दिन श्री शाह बस्तर दशहरा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे। इस दौरान वे मांझी, मुरिया और पुजारियों से चर्चा भी करेंगे।

गौरतलब है कि श्री शाह के बस्तर प्रवास को लेकर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कल जगदलपुर के सिरहासार भवन और लालबाग स्थित कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया और अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की।

माओवादी आत्मसमर्पण

बीजापुर जिले में आज तेईस महिला सहित एक सौ तीन माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। जिले के पुलिस अधीक्षक डॉक्टर जितेन्द्र यादव ने बताया कि इन माओवादियों ने दंतेवाड़ा रेंज के उप पुलिस महानिरीक्षक कमलोचन कश्यप, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल–सीआरपीएफ के उप महानिरीक्षक बी.एस. नेगी सहित वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया है।

आत्समर्पित माओवादियों को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत पचास–पचास हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि दी गई।

गौरतलब है कि इस साल अब तक जिले में चार सौ दस माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। जबकि, चार सौ इक्कीस माओवादी गिरफ्तार किए गए हैं। वहीं, अलग–अलग मुठभेड़ों में एक सौ सैंतीस माओवादी मारे गए हैं।

गांधी/शास्त्री–जयंती

देश आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। नई दिल्ली स्थित राजघाट में महात्मा गांधी की समाधि पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, आवास और शहरी मामलों के मंत्री मनोहरलाल ने पुष्पांजलि अर्पित की।

इधर, राजधानी रायपुर सहित छत्तीसगढ़ में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। राज्यपाल रमेन डेका ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर राजभवन में श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस मौके पर राज्यपाल ने स्वच्छ भारत अभियान के तहत राजभवन परिसर में साफ–सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इसके अलावा राज्यपाल ने टाउन हॉल परिसर में भी महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

वहीं, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय में महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री ने राजधानी के आजाद चौक स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा और शास्त्री चौक स्थित लालबहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

वहीं, छत्तीसगढ़ विधानसभा परिसर में विधानसभा सचिव दिनेश शर्मा और सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर महात्मा गांधी के प्रसिद्ध भजन "वैष्णव जन तो तेने कहिए" और रघुपति राघव राजा राम" का गायन किया गया।

उधर, राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम–एनटीपीसी सीपत में गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रभातफेरी निकाली गई और लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। साथ ही सफाई अभियान में शामिल सफाई मित्रों का सम्मान किया गया।

सेवा पर्व

सेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरित सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में परिवर्तन और प्रगति लाने के अथक प्रयास कर रही है। आज, इस विशेष श्रृंखला – 'सेवा पर्व' में, हम आपको बताएगें कि कैसे मोदी सरकार ने नक्सल मुक्त भारत का मार्ग प्रशस्त किया है।

पिछले ग्यारह वर्षों में नरेंद्र मोदी सरकार ने वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ ज़ीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। सरकार की सौ प्रतिशत योजनाओं के क्रियान्वयन से इन प्रभावित क्षेत्रों को पूरी तरह विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। पिछले महीने स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री ने

कहा था कि जो इलाके कभी नक्सलवाद और माओवाद की वजह से "रेड कॉरिडोर" कहलाते थे, वे अब "ग्रीन डेवलपमेंट कॉरिडोर" में बदल रहे हैं।

भारत सरकार ने अगले साल इकतीस मार्च तक नक्सलवाद को पूरी तरह समाप्त करने का लक्ष्य रखा है। आज वामपंथी उग्रवाद को क्षेत्रीय और परिचालन दोनों ही स्तरों पर काफ़ी हद तक कमजोर कर दिया गया है। सुरक्षा, विकास और अधिकार–आधारित सशक्तिकरण के संयोजन ने प्रभावित इलाकों की तस्वीर बदल दी है। सतत राजनीतिक इच्छाशक्ति और मज़बूत प्रशासनिक प्रतिबद्धता के साथ, नक्सलवाद–मुक्त भारत का सपना अब पहले से कहीं अधिक करीब है।

समाचार डेस्क, आकाशवाणी रायपुर।

<u>मुख्यमंत्री–बैठक</u>

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कल मंत्रालय में विभागीय सचिवों और विभागाध्यक्षों की बैठक लेकर विकसित छत्तीसगढ़ की दिशा में आगे बढ़ने के लिए अधिकारियों को विभागीय समन्वय और टीम भावना के साथ काम करने के निर्देश दिए। बैठक में श्री साय ने शासकीय कामकाज में पारदर्शिता, आम जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण तथा गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्यों को समय पर पूरा करने को कहा। मुख्यमंत्री ने जेम पोर्टल से होने वाली शासकीय खरीदी में किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए।

<u>आबकारी आयुक्त–बैठक</u>

आबकारी आयुक्त सह सचिव आर. शंगीता ने बार और होटल एसोसिएशन के पदाधिकारियों तथा संचालकों की बैठक लेकर उन्हें हर हाल में रात बारह बजे के भीतर बार का संचालन बंद करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने दस दिनों के भीतर बार और होटल में कार्यरत् कर्मचारियों का पुलिस वेरीफिकेशन कराने को कहा है। साथ ही इक्कीस वर्ष से कम उम्र वाले युवाओं को बार में प्रवेश नहीं देने की चेतावनी दी है। श्रीमती शंगीता ने ड्रग्स, कोकीन, एमडी जैसे मादक पदार्थों के विक्रय नहीं करने और इसकी जानकारी होने पर पुलिस को सूचित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि नियम और कानून के हिसाब से बार और होटल का संचालन होना चाहिए।

<u>विजयादशमी</u>

असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक दशहरा पर्व आज छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में पारंपरिक उल्लास और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण के पुतलों का दहन किया जाएगा। राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के सभी जिलों में दशहरा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। राजधानी रायपुर की डब्ल्यू.आर.एस. कॉलोनी और रावणभाटा मैदान में विशेष आयोजन किया जा रहा है। रायपुर के डब्ल्यू.आर.एस. कॉलोनी में आयोजित दशहरा उत्सव में इस समय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हो रहे हैं।

दशहरा के मौके पर आज रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, बिलासपुर, रायगढ़ सहित प्रदेश के विभिन्न थानों, चौकियों और शस्त्रागारों में रखे शस्त्रों की साफ–सफाई कर विधि–विधान से पूजा–अर्चना की गई।

राज्यपाल रमेन डेका आज राजभवन में आयोजित शस्त्र पूजन और हवन में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने देश और प्रदेश की सुख–समृद्धि की कामना की। उन्होंने राजभवन परिसर में विधिवत् शस्त्र पूजा की। उन्होंने राजभवन सचिवालय के अधिकारी और कर्मचारियों को विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं।

श्रीरामलला दर्शन योजना

श्रीरामलला दर्शन योजना के तहत दुर्ग और बस्तर संभाग के आठ सौ छिहत्तर तीर्थयात्रियों का दल कल विशेष ट्रेन से अयोध्या के लिए रवाना हुआ। स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने दुर्ग और राजनांदगांव सांसद संतोष पांडेय ने राजनांदगांव रेलवे स्टेशन से इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>